उत्तर प्रदेश शासन
चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-1
संख्या- 82/2017/1677/71-1-2017-जी-131/2015
लखनऊ : दिनांक 30 जून, 2017
कार्यालय-ज्ञाप

अधोहस्ताक्षरी को यह कहने का निदेश हुआ है कि उत्तर प्रदेश राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कालेजों में सीधी भर्ती के रूप में प्रवक्ता, कम्युनिटी मेडिसिन विशिष्टता में प्रवक्ता के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु लोक सेवा आयोग, उ0प्र0 के पत्र संख्या- 96/11/डी0आर0/सेवा-8/2013-14, दिनॉक 26-05-2015, पत्र संख्या- 248/10/डी0आर0/सेवा-8/2014-15, दिनॉक 04-01-2017, पत्र संख्या- 248(।)/10/डी0आर0/सेवा-8/2014-15, दिनॉक 17-01-2017 तथा पत्र संख्या- 248(।।)/10/डी0आर0/सेवा-8/2014-15, दिनॉक 13-02-2017, में की गयी संस्तुति के आधार पर श्री राज्यपाल महोदय संलग्न सूची में उल्लिखित विवरणानुसार 12 अभ्यर्थियों को वेतन बैण्ड रू0 15600-39100 ग्रेड पे रू0 6000/- में निम्नलिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन अस्थायी रूप से नियुक्त/तैनात करने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है-

(1) संबंधित अभ्यर्थी को प्रवक्ता के पद/वेतनमान के अनुरूप समय-समय पर जारी शासनादेशों के अन्तर्गत अनुमन्य मंहगाई भत्ता तथा अन्य भत्ते अनुमन्य होगें।
(2) संबधित अभ्यर्थी दिनॉक 31.07.2017 तक अवश्य अपने पद पर कार्यभार ग्रहण कर ले अन्यथा यह नियुक्ति आदेश निरस्त कर दिया जायेगा और उनका अभ्यर्थन समाप्त हो जायेगा।
(3) नियुक्ति स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने हेतु संबंधित अभ्यर्थी को किसी प्रकार का कोई यात्रा भत्ता देय न होगा।
(4) संबंधित अभ्यर्थी को उत्तर प्रदेश सरकारी डाक्टर (एलोपैथिक) प्राइवेट प्रैक्टिस निबन्धन नियमावली, 1983 के अनुसार प्राइवेट प्रैक्टिस करने की अनुमति नहीं होगी। मेडिकल अभ्यर्थियो को प्राइवेट प्रैक्टिस के बदले उन्हें नियमानुसार निर्धारित दर से प्रैक्टिस बन्दी भत्ता देय होगा।
(5) उक्त नियुक्ति उत्तर प्रदेश राज्य चिकित्सा महाविद्यालय अध्यापकों की सेवा नियमावली, 1990 (यथासंशोधित) के प्राविधानों के अधीन होगी तथा उक्त नियमावली के नियम-18 के अन्तर्गत परिवीक्षा अवधि दो वर्ष की होगी।
(6) संबंधित अभ्यर्थी को यथावश्यक जनहित में प्रदेश के किसी भी राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कालेज में उसी पद पर स्थानान्तरित कर तैनात किया जा सकेगा।

2- कार्यभार ग्रहण करने के पूर्व अभ्यर्थी द्वारा निम्नलिखित प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किये जाने आवश्यक होगें:-

(1) दो ऐसे राजपत्रित अधिकारी जो सेवा में हो और उनके निजी जीवन से पूर्ण रूप से परिचित हो, किन्तु उनके संबंधी न हो, द्वारा प्रदत्त अच्छे चरित्र का प्रमाणपत्र।
(2) अभियोजन न चलाये जाने तथा न्यायालय द्वारा दण्डित न किये जाने के संबंध में एक शपथपत्र।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

(3) ओथ एलीजिएन्स का प्रमाण-पत्र।

(4) गोपनीयता का प्रमाण-पत्र।

(5) चल तथा अचल सम्पत्ति का प्रमाण-पत्र।

(6) एक से अधिक जीवित पत्नी/पति न होने का प्रमाण-पत्र।

3- जिन अभ्यर्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण राज्य चिकित्सा परिषद के समक्ष नही हुआ है, वे संबंधित जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कराने के उपरान्त संबंधित मेडिकल कालेज में कार्यभार ग्रहण करेंगे।

4- अभ्यर्थी को कार्यभार ग्रहण कराने से पूर्व संबंधित मेडिकल कालेज के प्रधानाचार्य द्वारा संबंधित अभ्यर्थी से इस आशय का शपथपत्र ले लिया जाएगा कि उनके चरित्र एवं प्राग्वृत्त सत्यापन के संबंध में कोई प्रतिकूल तथ्य पाए जाने पर उनकी नियुक्ति निरस्त कर दी जाएगी।

डा0 अनिता भटनागर जैन
अपर मुख्य सचिव।

संख्या:- 82/2017/1677(1)/71-1-2017- तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद।

2- सचिव, लोक सेवा आयोग, उ0प्र0, इलाहाबाद।

3- महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण उ0प्र0 लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि वे कृपया नियुक्ति आदेश की प्रति वेबसाइट पर अपलोड कराया जाना सुनिश्चित करे।

4- प्रधानाचार्य, मेडिकल कालेज, बदायूँ, बॉदा, आगरा, कन्नौज, कानपुर, झॉसी, मेरठ जालौन तथा गोरखपुर।

5- कोषाधिकारी/वरिष्ठ कोषाधिकारी, बदायूँ, बॉदा, आगरा, कन्नौज, कानपुर, झॉसी, मेरठ जालौन तथा गोरखपुर।

6- वित्त नियंत्रक, मेडिकल कालेज, बदायूँ, बॉदा, आगरा, कन्नौज, कानपुर, झॉसी, मेरठ जालौन तथा गोरखपुर।

7- संबंधित चिकित्सा शिक्षक।

8- निदेशक, मुद्रण एवं लेखन सामग्री, उ0प्र0 इलाहाबाद को गजट के आगामी अंक में प्रकाशनार्थ।

9- गार्ड फाइल।

आज्ञा से

(जयवीर सिंह)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

कार्यालय ज्ञाप संख्या-82/2017/1677/71-1-2017-जी-131/2015,

दिनांक 30 जून, 2017 का संलग्नक:-

क्र0 सं0	अभ्यर्थी का नाम तथा रजि0 नं0	पत्र व्यवहार का पता	राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कालेज का नाम जहॉ तैनाती की गयी है।
1	डा0 संदीप सिंह (रजि0 नं0-51450513519)	31/11, अजीतगंज कालोनी, पोस्ट-ट्रांसपोर्ट नगर, कानपुर-208023	राजकीय मेडिकल कालेज, बदायूँ।
2	डा0 वारिद माला (रजि0 नं0-52020412598)	182सी/350ए, टैगोर टाउन, इलाहाबाद	राजकीय मेडिकल कालेज, बॉदा
3	डा0 गीतू सिंह (रजि0 नं0-52020458907)	85, कालिन्दीपुरम्, मऊ रोड, खण्डारी बाईपास, जनपद आगरा, उ0प्र0	राजकीय मेडिकल कालेज, आगरा।
4	डा0 अंजू गहलौत (रजि0 नं0-52020690497)	117/एम0/84, शारदा पब्लिक स्कूल वाली गली, काकादेव, कानपुर, उ0प्र0	राजकीय मेडिकल कालेज, कन्नौज।
5	डा0 समरजीत कौर होरा (रजि0 नं0-52020285587)	118/208 ए0, कौशलपुरी, कानपुर, उ0प्र0-208012	राजकीय मेडिकल कालेज, कानपुर।
6	डा0 शोभा चतुर्वेदी (रजि0 नं0-52020552513)	पता-1, कृष्णा विहार कालोनी, निकट सेन्ट्रल वेयर हाउस, शिवपुरी रोड, झॉसी।	राजकीय मेडिकल कालेज, झॉसी।
7	डा0 अमित मोहन वार्ष्णेय (रजि0 नं0-52020626234)	गली नं0-2, रामबाग कालोनी, रामघाट, अलीगढ़, उ0प्र0	राजकीय मेडिकल कालेज, झॉसी।
8	डा0 निलम सिद्धार्थ गौतम (रजि0 नं0-52030045766)	ग्राम व पोस्ट-कल्यानपुर, घोसी, मऊ, उ0प्र0	राजकीय मेडिकल कालेज, मेरठ।
9	डा0 राम मिलन प्रसोत (रजि0 नं0-52030043458)	ग्राम-जगापुर, पोस्ट राजा बाजार, महाराजगंज, जिला-जौनपुर, उ0प्र0	राजकीय मेडिकल कालेज, बदायूँ।
10	डा0 धीरज कुमार महाजन (रजि0 नं0-52050199861)	207, मेवातीपुरा, झॉसी, उ0प्र0	राजकीय मेडिकल कालेज, जालौन।
11	डा0 पूजा चौधरी (रजि0 नं0-52050242808)	ओ0-134, आवास विकास योजना-1, केशवपुरम, कल्यानपुर, कानपुर, उ0प्र0	राजकीय मेडिकल कालेज, कानपुर।
12	डा0 शालिनी सिंह (रजि0 नं0-52030072043)	ए ब्लाक, 913/2, इन्दिरा नगर, लखनऊ	राजकीय मेडिकल कालेज, गोरखपुर।

आज्ञा से,

(जयवीर सिंह)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in